# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.08.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, दैनिक जागरण आई नेक्स्ट," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

दैनिक जागरण –दि0 29.08.2024

## रोपवे कारिडोर से जल्द हटाएं सरकारी संपत्तियां काम में न आए बाधा

जागरण संवाददाता, वाराणसी : रोपवे परियोजना के कार्यों में आ रही बाधा को दूर करने के लिए बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गोदौलिया में आ रही जमीन की समस्या को लेकर भी चर्चा हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। लेकिन उपाध्यक्ष ने कहा कि रोपवे कारिडोर के दायरे में आ रही सरकारी संपत्तियों को शीघ्र हटाया जाए। कार्य में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम, जलकल और जल निगम की तरफ से शिफ्टिंग कार्य में हो रही लापरवाही पर नाराजगी प्रकट की। कहा कि सभी रोपवे स्टेशन के दायरे में मौजूद बिजली के तार, पोल, ट्रांसफार्मर, सीवरलाइन व पेयजल लाइन को हटाने में देरी नहीं की जाए।

## दैनिक जागरण –दि0 29.08.2024

### वीडीए पहला प्राधिकरण जहां आनलाइन उपलब्ध है भू–प्रयोग

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण वाराणसी प्रदेश में पहला ऐसा प्राधिकरण बन गया है जहां कोई भी व्यक्ति अपनी भूमि का भू–प्रयोग घर बैठे जान सकता है। वीडीए की वेबसाइट www.vdavns.com पर ये जानकारी उपलब्ध है।

ये बातें वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने वीडीए ने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के अवसर पर बुधवार को कंदवा में आयोजित कैंप में लोगों को बताई। यह आयोजन 22 अगस्त से लगातार हो रहा है। आज के कार्यक्रम में विधायक सुनील पटेल और विधायक सेवापुरी की प्रतिनिधि अदिति पटेल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## अमर उजाला –दि0 29.08.2024

### तेजी से करें शिफ्टिंग कार्य

**वाराणसी।** वीडीए वीसी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कैंट स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक रोपवे की समीक्षा की। जल निगम और बिजली विभाग को शिफ्टिंग कार्य तेजी से करने की हिदायत दी। इस दौरान प्रकाश मिश्रा, आनंद मिश्रा मौजूद रहे। ब्यूरो

## आज–दि0 29.08.2024

# विप्राके सेवा सप्ताहसे लाभान्वित हो रहे नागरिक–सुनील पटेल

विकास प्राधिकरणके ५० वर्ष पूरा होनेपर सेवा सप्ताहके तहत बुधवारको कंदवांमें कैम्प लगाया गया। कैम्पको सम्बोधित करते हुए विप्राके सचिव डाक्टर वेद प्रकाश मिश्राने कहा कि वाराणसीमें सुनियोजित, सुव्यवस्थित विकास कार्यके लिए विप्रा प्रयासरत है। इस मुख्य उद्देश्य है कि समग्र विकासको सुनिश्चित करना है और योजनाबद्ध तरीकेसे ग्रामीण और शहरमें विकास करना है। भूप्रयोगके विषयमें नागरिक घर, बैठे वीडीए के वेबसाइटपर विवरण देख सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील पटेलने कहा कि सेवा सप्ताहके तहत नागरिकोंको सफलता मिल रही है। इस अवसरपर कैम्पमें भवन एवं मानचित्र अनुभागने तीन समन मानचित्रको स्वीकृत किया। सम्पत्ति विभागने कुल तीन लाभार्थियों राजकुमार मौर्य, रविशंकर विश्वकर्मा और आनन्द कुमार जायसवालको सम्पत्तिपर कब्जा दिया। कैम्पमें कुल ४३ नोटिसोंपर सुनवाई की गयी। इसमें तीन समन मानचित्र दाखिल किये गये। १३ समन मानचित्रोंके ड्राइंगमें सुधार करते हुए भूस्वामियोंको आवश्यक निर्देश दिया गया। कैम्पमें लगभग ३१२ आदमियोंने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रममें सुनील कुमार पटेलके अलावा विशिष्ट अतिथि विधायक नीलरतन पटेल, सेवापुरीकी पुत्री आदिती पटेलको विप्रा सचिव एक साल और एक पौधेसे सम्मानित किया। कैम्पमें अधिशासी अभियन्ता अरविन्द कुमार शर्मा, जोनल अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी, अवर अभियन्ता आर.के. सिंह सहित वीडीए के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसरपर सम्पत्ति अधिकारी राजीव जायसवालने कार्यक्रममें उपस्थित लोगोंका धन्यवाद ज्ञापन किया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 29.08.2024

# वीडीए में 43 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह के चतुर्थ



दिवस में कंदवा में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि सुनील पटेल विधायक रोहनिया, विशिष्ट अतिथि विधायक नीलरतन पटेल, सेवापुरी की पुत्री अदिति पटेल उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया। इसी क्रम में सचिव द्वारा बताया गया कि वीडीए वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास के लिए प्रयासरत हैं। मुख्य अतिथि सुनील पटेल द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह तथा विकास कार्यों की सराहना की गयी। उक्त के क्रम में अतिथियों द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित महिलाओं में पौध रोपण के लिए पौधे वितरित किये गये। संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आरके सिंह व वीडीए की टीम उपस्थित रही।

**वीडीए के 50 वर्ष पूरे होने पर सेवा सप्ताह के तहत चलाया जा रहा जागरुकता अभियान**

इस दौरान भवन एवं मानचित्र अनुभाग द्वारा कैम्प अवधि में 03 शमन मानिचत्र स्वीकृत किया गया। कैम्प में 43 नोटिस प्रकरणों की सुनवायी की गयी एवं 03 शमन मानचित्र दाखिल कराये गये एवं पहले से दाखिल 13 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया, कैम्प में कुल 312 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


हिन्दुस्तान–दि0 29.08.2024

# ग्रामीणों के घर तक पहुंचा प्राधिकरण

## शिविर

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। रोहनिया विधायक सुनील पटेल ने कहा कि वीडीए की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सेवा सप्ताह जनउपयोगी सिद्ध होगा। मेरा विश्वास है कि वीडीए प्रशासन इन शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों का निवारण कराएगा। बुधवार को कंदवा में चौथे सेवा सप्ताह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनील पटेल ने यह बात कही।



कंदवा में बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से लगाए गए सेवा शिविर में ग्रामीणों को विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल ने तुलसी के पौधे दिये। ● हिन्दुस्तान

विशिष्ट अतिथि विधायक नीलरतन पटेल की प्रतिनिधि अदिति पटेल ने कहा कि इन शिविरों में भवन निर्माण संबंधी समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा रहा है। जो सराहनीय है। वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा कि प्राधिकरण की ओर से नक्शा पास करने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जा रहा है। कोई भी एक बटन दबाकर अपनी भूमि के मास्टर प्लान या किसी अन्य योजना की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकता है।

इस दौरान भवन एवं मानचित्र विभाग ने तीन शमन मानचित्र स्वीकृत किए। इसके अलावा राजकुमार मौर्य, रविशंकर विश्वकर्मा तथा आनंद कुमार जायसवाल को सम्पत्ति का कब्जा पत्र तथा लाभार्थी जगदीश चन्द्र शेखर को हस्तानान्तरण पत्र दिया गया। कैंप में 43 नोटिस मामलों की सुनवाई की गयी। तीन शमन मानचित्र दाखिल कराए गए। पूर्व में दाखिल 13 मानचित्रों में ड्राइंग सुधार एवं भू-स्वामित्व संबंधी आपत्तियों का निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर नगर नियोजक प्रभात कुमार, जोनल अधिकारी प्रमोद कुमार, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल तिवारी आदि थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 29.08.2024

# वाराणसी विकास प्राधिकरण सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर कंदवा में कैंप का आयोजन

वाराणसी । विकास प्राधिकरण अपने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के रूप में प्राधिकरण सेवा सप्ताह का आयोजन 22 अगस्त से लगातार कर रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 28/08/2024 को प्राधिकरण सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस में कंदवा में कैंप लगाकर जनता की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया द्य उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्री सुनील पटेल मा0 विधायक रोहनिया, विशिष्ट अतिथि मा0 विधायक नीलरतन पटेल, सेवापूरी की पुत्री अदिति पटेल उपस्थित रही।* कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया द्य जिसके उपरांत जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद तिवारी द्वारा सर्वप्रथम मंच से उपस्थित जनता को कैम्प के बारे में जानकारी दी गयी द्य इसी क्रम में सचिव द्वारा बताया कि वी0डी0ए0 वाराणसी के सुनियोजित, सुव्यवस्थित व सुदृढ़ विकास हेतु सतत् प्रयासरत हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना शामिल है। इसी के साथ उपस्थित जनता को अवगत कराया कि



वाराणसी विकास प्राधिकरण प्रदेश में पहला ऐसा प्राधिकरण है जहां वाराणसी की जनता अपना भू-प्रयोग सम्बंधित जानकारी घर बैठे वी0डी0ए0 की वेबसाइट www.vdavns.com से प्राप्त कर सकती है । मुख्य अतिथि श्री सुनील पटेल द्वारा अपना मंतव्य व्यक्त करते हुए प्राधिकरण द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह तथा विकास कार्यों की सराहना की गयी। उक्त के क्रम में अतिथियों द्वारा पौध रोपण किया गया एवं उपस्थित महिलाओं में पौध रोपण हेतु पौधे वितरित किये गये । आयोजित कैम्प में उपस्थित अतिथियों का वी0डी0ए0 सचिव द्वारा शाल, प्राधिकरण स्मृति चिन्ह तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। संपत्ति अधिकारी श्री राजीव जायसवाल द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया द्य कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जोनल अधिकारी( जोन-4 ) प्रमोद तिवारी अवर अभियंता आर0 के0 सिंह व वी0डी0ए0 टीम उपस्थित रहे ।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

दैनिक जागरण आई नेक्स्ट –दि0 29.08.2024

## वीडीए में ऑनलाइन मिलेगा भू-प्रयोग

**VARANASI (28 Aug):** विकास प्राधिकरण वाराणसी प्रदेश में पहला ऐसा प्राधिकरण बन गया है जहां कोई भी व्यक्ति अपनी भूमि का भू-प्रयोग घर बैठे जान सकता है. वीडीए की वेबसाइट 222.1स्ड्डा्ट्ठ्ठा.ध्द्ध पर ये जानकारी उपलब्ध है.

ये बातें वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने वीडीए ने 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती के अवसर पर बुधवार को कंदवा में आयोजित कैंप में लोगों को बताई. यह आयोजन 22 अगस्त से लगातार हो रहा है. आज के कार्यक्रम में विधायक सुनील पटेल और विधायक सेवापुरी की प्रतिनिधि अदिति पटेल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अतिथियों ने पौधरोपण कर लोगों को पौधा वितरित किया. इस दौरान तीन शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया. 03 लाभार्थियों को संपत्ति का कब्जा पत्र, 01 लाभार्थी को हस्तानांतरण पत्र दिया गया. कैंप में 43 नोटिस प्रकरणों की सुनवाई की गई. 03 शमन मानचित्र दाखिल कराए गए और पहले से दाखिल 13 शमन मानचित्र की ड्राइंग सुधार एवं भूस्वामित्व विषयक आपत्तियों का निराकरण कराया गया. संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, जोनल अधिकारी (जोन-4) प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आरके सिंह आदि उपस्थित रहे.



आज –दि0 29.08.2024

## दो निर्माणाधीन रेस्टोरेंट को विप्राने किया सील

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गके निर्देशपर नगवां वार्डमें गौरव केडिया भवन संख्या बी २७/९६–२८ में निर्माण कार्य पूर्ण करनेके लिए सटरिंगका कार्य किया जा रहा था। वहांपर रेस्टूरेंटकी नींवकी दीवारका भी निर्माण किया. जा रहा था जिसके लिए विप्रासे अनुमति नहीं ली गयी थी। शिकायतके आधारपर जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियन्ता राकेश कुमार सिंह, स्थानीय थानेकी पुलिसके सहयोगसे रेस्टोरेंटको सीज कर दिया गया। इस प्रकार नगवां वार्डमें ही आमिर जहूरके भवन संख्या बी १९/२३–१ मोहल्ला देवरियावीर, भेलूपुरमें बिना विप्राकी अनुमतिके रेस्टोरेंटका निर्माण तेजीसे किया जा रहा था। यहां भी शिकायतके आधारपर विप्राकी टीम पहुंची और भवन स्वामीसे अनुमति पत्र मांगने लगी, जिसे वह दिखानेमें असमर्थता जाहिर की। यहां भी जोनल अधिकारीके निर्देशपर रेस्टोरेंटको सीज कर दिया और दोनों रेस्टोरेंटोंके निर्माण कार्यको सील करनेके बाद पुलिसकी अभिरक्षामें थानेको सौंप दिया गया।